1968 के पूर्वार्ध में टेलीफोन की तारों की चोरी करने वाले एक रेलवे कर्मचारी को मुरादाबाद में गिरफ्तार किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो उस अपराधी के पास से कितना तार बरामद हुआ था; और

(ग) गिरफ्तार किये गये उस व्यक्ति के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी हां, लेकिन वह 25–3–68 को गिरफ्तार किया गया था।

(ख) 10 किलोग्राम ।

(ग) मुरादाबाद की सरकारी रेलवे पुलिस ने तार अधिनियम की धारा 5/7 के अन्तर्गत अपराध सं० 93 के रूप में एक मामला दर्ज कर लिया है और उसकी जांच हो रही है। अपराधी को जेल भेज दिया गया है।

पश्चिमी रेलवे के इंजीनियरी विभाग में वार्ड कीपरों के पद

6078. **श्री श्रीचन्द गोयल :**
श्री रणजीत सिंह :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पश्चिम रेलवे के इंजीनियरी विभाग में वार्ड कीपरों के कितने पद अभी रिक्त हैं ;

(ख) उस विभाग में वार्ड कीपरों के कुल कितने पद हैं; और

(ग) इन पदों पर नियुक्ति करने के के लिये सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) कोई नहीं।

(ख) 12 ।

(ग) सवाल नहीं उठता ।

दिल्ली-रिवाड़ी सेक्शन पर रेल गाड़ियों में खतरे की जंजीरें

6079. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तरी रेलवे के दिल्ली-रिवाड़ी सेक्शन पर कुछ रेल गाड़ियों में खतरे की जंजीरें हटा दी गई हैं ;

(ख) यदि हां, तो उस सेक्शन पर जिन रेल गाड़ियों से खतरे की जंजीरें हटा दी गई हैं उनकी संख्या क्या है ; और

(ग) इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी हां।

(ख) छः गाड़ियां ।

(ग) इस खण्ड पर इन गाड़ियों में खतरे की जंजीर खींचने की घटनाएं बहुत अधिक होती थीं और इससे गाड़ियों की समय-पाबन्दी पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता था।

निजी कम्पनियों की रेलवे लाइन

6080. **श्री हुकम चन्द कछवाय:** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अभी तक

देश में कुछ ऐसी रेलवे लाइन हैं जिनकी मालिक निजी कम्पनियां हैं ;

(ख) यदि हां तो उन रेलवे लाइनों के नाम क्या हैं तथा वे किस किस कम्पनी की हैं; और

(ग) इन निजी कम्पनियों की रेलवे लाइनों की लम्बाई कितनी है?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी हां।

(ख) और (ग). एक विवरण सभा पटल पर रखा गया है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या** LT 711/68]

भुसावल रेलवे स्टेशन पर रेलवे इंजनों की नीलामी

6081. **श्री हुकम चन्द कछवाय:** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1967 में कुछ पुराने इंजनों को जो रेलवे के लिये उपयोगी नहीं थे सरकार के आदेशानुसार भुसावल स्टेशन पर नीलाम किया गया;

(ख) यदि हां, तो उक्त वर्ष कुल कितने ऐसे इंजनों की नीलामी की गई; और

(ग) सरकार को नीलामी से कितनी रकम प्राप्त हुई?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग). सवाल नहीं उठता।

उत्तर रेलवे के वाराणसी-प्रतापगढ़ सेक्शन पर गाड़ी का पटरी से उतरना

6082. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जनवरी 1968 के दूसरे सप्ताह में उत्तर रेलवे के वाराणसी--प्रतापगढ़ सेक्शन पर गौड़ा और दंडपुर रेलवे स्टशनों के बीच एक मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गये थे;

(ख) यदि हां, तो इसके फलस्वरूप रेलवे को कितनी हानि हुई ;

(ग) क्या गाड़ी के पटरी से उतरने के कारणों का पता लगाया गया है; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) दुर्घटना 11-1-1968 को हुई।

(ख) रेल सम्पत्ति को लगभग 95,643 रुपये की क्षति पहुंचने का अनुमान है।

(ग) और (घ). जांच समिति के निष्कर्ष के अनुसार गाड़ी के पटरी से उतरने का कारण यह था कि इंजन से 41वें नम्बर पर लगे मालडिब्बे में लदी हुई लोहे की लपेटी हुई चद्दरें चलती गाड़ी में अपनी जगह से खिसक गयी थीं क्योंकि रास्ते में पैकिंग सामग्री चोरी चली गयी थी।

Shifting of Divisional Office at Baroda

6083. SHRI MANUBHAI PATEL: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) when the Divisional Office at Baroda was opened;